# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 1147 /अका./ब.वि.वि./2021 जगदलपुर, दिनांक 23/12/2021

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 35वीं बैठक दिनांक 23.12.2021 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर (डॉ.) शैलेन्द्र कुमार सिंह,<br>कुलपति,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य,<br>शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल। | प्राचार्य सदस्य |
| 3. | संभागीय संयुक्त संचालक,<br>कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर | वित्त–सदस्य |
| 4. | डॉ. व्ही.के.पाठक,<br>कुलसचिव,<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | सचिव |

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 5. | डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,<br>शासकीय महाविद्यालय, सरोना। | प्राचार्य सदस्य |
| 6. | डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,<br>शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर। | प्राचार्य सदस्य |
| 7. | डॉ. कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति,<br>भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22,<br>नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल | सदस्य |
| 8. | डॉ. ए.के.दीक्षित, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं<br>कला संकाय, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)<br>शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर | संकायाध्यक्ष सदस्य |
| 9. | श्री अनूप रंजन पाण्डेय,<br>एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) | सदस्य |



23 DEC 2021

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 34वीं बैठक दिनांक 12.11.2021 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के 34वीं बैठक दिनांक 12.11.2021 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

**निर्णय :–**

अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 21.12.2021 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के परीक्षा /गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अध्यादेश क्रमांक 5 के कंडिका 20 (vi) के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के सत्र 2021–22 के विभिन्न परीक्षाओं के आने वाले नकल प्रकरण का निराकरण करने हेतु UFM कमेटी का गठन निम्नानुसार किया जाना है:–

1. कार्यपरिषद का (एक) सदस्य –
2. संकायाध्यक्ष का (एक) सदस्य –
3. विद्यापरिषद का (एक)सदस्य –
4. कुलसचिव – पदेन सचिव

उपर्युक्त विश्वविद्यालय कार्यपरिषद, संकायाध्यक्ष एवं विद्यापरिषद के किसी एक सदस्य को अध्यक्ष तथा दो को सदस्य नामित करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से उक्त अध्यक्ष/सदस्यों का मनोनयन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

सत्र 2020– 21 का वार्षिक प्रतिवेदन का मुद्रण कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा–47 के अनुसार विधान सभा के पटल पर (शीतकालीन सत्र दिसम्बर 2021 में) में रखे जाने हेतु शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर का वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020– 21 (300 बुक) का मुद्रण कार्य निविदा में स्वीकृत फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से विश्वविद्यालय के मुद्रण आदेश क्रमांक/2422/भण्डार/श.म.क.वि.वि./2021–22 जगदलपुर दिनांक 10.12.2021 कराया गया है।



23 DEC 2021

अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक/1399/33/2018/38-2 नवा रायपुर अटल नगर रायपुर दिनांक 03.12. 2021 द्वारा विधान सभा शीतकालीन सत्र दिसम्बर 2021 के पटल पर रखे जाने वाले विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन की 135 प्रतियॉ मय 75 सी.डी. सहित शासन को उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया था। निर्धारित समयावधि में तत्काल/समय-सीमा के भीतर उक्त कार्य सम्पादित किया जाना आवश्यक था। इसलिए मुद्रण पूर्व कार्यपरिषद से स्वीकृति प्राप्त नहीं की जा सकी थी। अतः वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020-21 (300 बुक) का मुद्रण कराये जाने के संबंध में कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :-**

वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020-21 (300 बुक) का मुद्रण कराये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक -6 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह हेतु मुख्य वक्ता आमंत्रित करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :-**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन माह फरवरी, 2022 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह में या मार्च, 2022 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस हेतु मुख्य वक्ता के रूप में प्राफेसर (डॉ.) अरूण कुमार सिन्हा, भूतपूर्व कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना, बिहार को आमंत्रण हेतु अनुमति देने के लिए माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति राजभवन, रायपुर को पत्र प्रेषित करने का कार्योत्तर अनुमोदन हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :-**

कुलाधिपति, राजभवन, रायपुर को पत्र प्रेषित करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक -7 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने हेतु तिथि निर्धारण करने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :-**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन माह फरवरी, 2022 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह में या मार्च, 2022 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस हेतु तिथि एवं समय निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत है।

**निर्णय :-**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने हेतु तिथि का निर्णय लेने के लिए राजभवन को पत्र प्रेषित करने की अनुमति प्रदान की गई है। राजभवन से तिथि स्वीकृत होने के पश्चात दीक्षांत समरोह करने की अनुमति प्रदान की गई।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –8 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में उपाधि, प्राविण्य प्रमाण–पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में सत्र 2019–20 से 2020–21 तक के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्राविण्य प्रमाण–पत्र, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित), दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित) प्रदान किया जाना है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –9 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक हेतु दानदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में सत्र 2019–20 से 2020–21 तक के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्राविण्य प्रमाण–पत्र, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित), दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित) प्रदान किया जाना है।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा सत्र 2019–20 से 2020–21 तक के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक हेतु दानदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक हेतु प्रति स्वर्ण पदक राशि रू. 1,00,000/– निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –10 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में सत्र 2019–20 से 2020–21 तक के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्राविण्य प्रमाण–पत्र, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित), दानदाता स्मृति स्वर्ण पदक (स्वर्ण मंडित) प्रदान किया जाना है।

द्वितीय दीक्षांत समारोह में प्रदत्त स्वर्ण पदक के अनुसार ही तृतीय दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा 20 ग्राम शुद्ध चॉदी (1.25 व्यास हुक के साथ) का स्वर्ण पदक प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। स्वर्ण पदक में एक ओर विश्वविद्यालय का मोनो तथा दूसरी ओर स्वर्ण पदक का नाम और उपाधि तथा वर्ष का विवरण अंकित किया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

स्वीकृति प्रदान की गई।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –11 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए राशि का निर्धारण करने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन माह फरवरी, 2022 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह में या मार्च, 2022 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव है। तृतीय दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए राशि रू. 50.00 लाख प्रावधानित करने के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

तृतीय दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए राशि रू. 50.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –12 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए समिति गठन करने के संबंध मे।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन माह फरवरी, 2022 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह में या मार्च, 2022 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव है। तृतीय दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विभिन्न समिति गठन करने के लिए कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को अधिकृत किये जाने के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

समिति गठन हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक –13 (विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के धरमपुरा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु अनुबंधित सुरक्षा एजेन्सी के देयक भुगतान के संबंध मे।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के धरमपुरा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रशासन विभाग के प्रस्ताव पर भण्डार शाखा द्वारा निविदा जारी किया गया था। निविदा में सफल निविदाकार एवं कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के मध्य किये गये अनुबंध के आधार पर दिनांक 01.11.2021 से अनुबंधित सुरक्षा एजेन्सी द्वारा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जा रही है। निविदा में स्वीकृत दर के अनुसार 01 वित्तीय वर्ष में वर्तमान में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था में अनुमानित व्यय लगभग राशि रू. 25.00 लाख सम्भावित हैं। संबंधित सुरक्ष एजेन्सी बस्तर इंटेलिजेंट गार्ड सिक्यूरिटी सर्विस जगदलपुर द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 15.12.2021 के साथ प्रस्तुत देयक क्रमांक 954, दिनांक 30.11.2021 के अनुसार 08 सुरक्षा गार्ड के माध्यम से की गई सुरक्षा व्यवस्था में व्यय राशि रू. 1,03,814/– (18 प्रतिशत जी.एस.टी., 13 प्रतिशत पी.एफ. एवं 3.25 प्रतिशत ई.एस.आई. सहित) का भुगतान करने की स्वीकृति एवं उपरोक्तानुसार 01 वित्तीय वर्ष के लिए सुरक्षा व्यवस्था में अनुमानित व्यय लगभग राशि रू. 25.00 लाख का प्रावधान किये जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –14 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के द्वारा राशि रू. 6,95,351 =00 (छः लाख, पन्चानबे हजार, तीन सौ, इक्यावन) मात्र का अनुपयोगी रद्दी कागजात विक्रय किया गया है, अतः सूचनार्थ।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के द्वारा निविदा में स्वीकृत फर्म ''आकाश ट्रेडर्स, बिलासपुर'' को अनुपयोगी रद्दी कागजात का विक्रय किया गया है। इस हेतु फर्म तथा विश्वविद्यालय के मध्य दिनांक 29/11/2021 को अनुबंधित कंडिकाओं के आधार पर विक्रयादेश क्र. 2345/भण्डार/श.म.क. वि.वि./2021–22, जगदलपुर, दिनांक 29/11/2021 जारी किया गया। तदानुसार अनुपयोगी रद्दी कागजात (उत्तर पुस्तिकाऐं, कागज, कतरन, मलाट, लिफाफे, पाठ्यक्रम इत्यादि) का विक्रय नापतौल– निगरानी समिति के द्वारा किया गया। इससे विश्वविद्यालय को रू. 6,95,351 =00 (छः लाख, पन्चानबे हजार, तीन सौ, इक्यावन) मात्र का राजस्व की प्राप्ति हुई है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक –15 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

आगामी परीक्षाओं के लिए केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से मुख्य एवं पूरक उत्तर पुस्तिका मुद्रण के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय जेल, जगदलपुर के मुद्रणालय से 08 लाख मुख्य उत्तर पुस्तिका तथा 04 लाख पूरक उत्तर पुस्तिका मुद्रित करवाया जाना है, दर आमंत्रण पश्चात् कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल जगदलपुर से प्राप्त मूल्यकथन पत्र क्रमांक 198/उद्योग/2021/जगदलपुर, दिनांक 29/11/2021 के अनुसार मुख्य एवं पूरक उत्तर पुसितिका मुद्रण की कुल लागत रू. 54,80,000 = 00 (चौवन लाख, अस्सी हजार) होगी, जो कि छ.ग. संवाद, रायपुर के दर की तुलना में कम है। अतः उक्त दर पर केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से मुद्रण कराने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

यथा प्रस्तावित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –16 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका 2020 –21 का निविदा के स्वीकृत दर पर मुद्रण की कार्योत्तर अनुमति एवं देयक भुगतान की स्वीकृति बाबत।

**विभागीय टीप :–**

अकादमिक शाखा के प्रस्तावित विवरण के अनुसार विधानसभा पटल में प्रस्तुत करने हेतु उच्च शिक्षा, मंत्रालय, नवा रायपुर को प्रेषणार्थ विगत निविदा में स्वीकृत फर्म ''स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर'' से वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका 2020–21 के 300 बुक मुद्रित करवाये गये हैं। जिस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रणादेश क्रमांक/2422/भण्डार/श.म.क.वि.वि/2021–22, जगदलपुर, .दिनांक 10/12/2021 जारी किया गया है। उक्त वार्षिक प्रतिवेदन की पूर्ण एवं संतोषजनक प्राप्ति के बाद ळैज सहित अधिकतम राशि रू. 4.05 लाख (चार लाख, पांच हजार) तक भुगतान किया जा सकेगा। जिसमें CD (PDF) 85 नग की अतिरिक्त अनुमानित लागत रू. 10000 =00 (दस हजार) तक स्वीकृत होगी। अतः मुद्रण की कार्योत्तर स्वीकृति एवं देयक प्राप्त होने पर नियमानुसार भुगतान करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

मुद्रण की कार्योत्तर स्वीकृति एवं देयक प्राप्त होने पर नियमानुसार भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –17 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

फोटोकॉपीयर मशीनों की ट्रॉली क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के फोटोकॉपीयर मशीनों में स्टेंड के अभाव में रख–रखाव में असुविधा हो रही है। अतः CSIDC में उपलब्ध फोटोकॉपीयर मशीन ट्रॉली बड़ी 5 नग, तथा छोटी 11 नग क्रय किये जा सकते हैं। जिसकी लागत रू. 1,27,145 =00 (एक लाख, सत्ताईस हजार, एक सौ पैंतालिस) मात्र है। क्रय की अनुमति प्रदाय करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –18 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल के लिए विभिन्न फर्नीचर्स (पंलग, सोफा, ड्रेसिंग एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर्स/सामग्री) क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल में 20 1 BHK कमरे उपलब्ध है। जिसमें विभिन्न फर्नीचर्स जैसे–बेड, मैट्रेस, सोफा, ड्रेसिंग, टेबल, कुर्सी, टी.व्ही., टी–टेबल एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर्स/सामग्री) की आवश्यकता है। इस हेतु CSIDC से उपलब्ध फर्नीचर्स/सामग्री का चयन कर बजट प्रावधान के अनुसार रू. 50.00 लाख (पचास लाख रूपये) तक की क्रय स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –19 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों के उन्नयन बाबत् 05 स्मार्ट क्लास से संबंधित सामग्रियों को क्रय एवं स्थापित करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शैक्षणिक विभागों के विभिन्न कक्षाओं के लिए उन्नत शैक्षणिक व्यवस्था हेतु 05 स्मार्ट क्लास निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत रू. 15.00 लाख (पन्द्रह लाख) तक हो सकती है। संबंधित सामग्रियां का चयन करते हुये CSIDC से बजट प्रावधान के अनुसार क्रय करते हुये छात्र–छात्राओं के सुविधा हेतु स्मार्ट क्लास निर्मित करवाया जा सकता है। माननीय कार्यपरिषद से अनुमति की प्रत्याशा में विषय प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –20 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए टेबल और कुर्सीयां क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए टेबल और कुर्सीयां क्रय करन की आवश्यकता है। CSIDC में विभिन्न मॉडल की टेबल एवं कुर्सियां उपलब्ध हैं। जिसे आवश्यकता के अनुसार तथा उपलब्ध बजट प्रावधान के अंतर्गत अधिकतम राशि रू. 20.00 लाख (बीस लाख) के भीतर क्रयानुमति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –21 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यानलय के समस्त नवीन भवनों, ट्रांजिट हॉस्टल के लिए नवीन अग्निशमन यंत्र क्रय कर लगाने तथा प्रशासनिक एवं अकादमिक तथा अन्य भवनों में पूर्व से स्थापित अग्निशमन यंत्रों को रिफलिंग करवाने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

संभावित अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षात्मक उपाय हेतु अग्निशमन यंत्रों की आवश्यकता होती है। जिस हेतु विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवनों, छात्रावास के लिए CSIDC से आवश्यकतानुसार अग्निशमन यंत्र क्रय किये जा सकते हैं तथा अन्य भवनो में पूर्व से स्थापित सीज फायर अग्निशमन यंत्रों की वैद्यता समाप्त होने के कारण उन्हे रिफलिंग करवाया जाना है। इस हेतु अधिकतम लागत रू. 6.00 लाख (छः लाख) तक व्यय होने का अनुमान है। स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –22 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

रूसा के अन्तर्गत नवनिर्मित एम.बी.ए., एम.सी.ए. एवं बी.एड. भवनों में शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व उक्त अध्ययनशालाओं में कम्प्यूटर लैब स्थापित करने हेतु 100 कम्प्यूटर सेट क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

रूसा के अन्तर्गत नवनिर्मित एम.बी.ए., एम.सी.ए. एवं बी.एड. भवनों में शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व उक्त अध्ययनशालाओं में कम्प्यूटर लैब स्थापित करने हेतु 100 कम्प्यूटर सेट क्रय कर स्थापित किया जाना है। जिसे विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार CSIDC से राशि रू. 50.00 लाख व्यय सीमा अन्तर्गत क्रय किया जा सकता है। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –23 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष हेतु इन्ट्रेक्टिव बोर्ड क्रय किये जाने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में कार्यपरिषद, विद्यापरिषद जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आयोजित किया जाता है। उक्त बैठकों के सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय सभाकक्ष में 01 नग इन्ट्रेक्टिव बोर्ड क्रय कर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। तत्संबंधित सामग्रियॉ CSIDC /निविदा के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 5.00 लाख हो सकती है। क्रय की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –24 (विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग का प्रस्ताव)**

क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 30/11/2021 के समस्त निर्णय के अनुमोदन हेतु।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय परिनियम 02 के अनुसार अधिसूचना क्रमांक/8123/श.म.क.वि.वि.ब./2021, जगदलपुर, दिनांक 10/08/2021 के द्वारा सत्र 2021–22, में विश्वविद्यालय की पुनर्गठित क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 30/11/2021 को विश्वविद्यालय में आहूत की गई। जिसमे प्रस्तुत विषय क्रमांक 01 से 23 तक क्रीड़ा समिति के द्वारा निर्णय दिया गया है। कार्यवाही विवरण संलग्न है। उक्त समस्त निर्णय कार्यपरिषद से अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –25 (विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग का प्रस्ताव)**

अंतर्विश्वविद्यालयीन ईस्ट जोन/ऑल इंडिया की टीम मैनेजरों के अग्रिम राशि प्रदाय एवं समायोजन की सक्षम अनुमति हेतु माननीय कुलपति को अधिकृत करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

ऑल इंडिया यूनीवर्सिटी के द्वारा जारी प्रत्येक खेल कैलेंडर वर्ष में विश्वविद्यालय की टीमों को आयोजन स्थलों पर भेजा जाता है। प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने हेतु कभी कभी अग्रिम की राशि रू. 1.00 लाख (एक लाख) से अधिक की होती है। अतिशीघ्र टीम भेजने की स्थिति में विषय माननीय कार्यपरिषद में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होता। कोविड –19 के मामलों के बाद से AIU द्वारा इस सत्र से खेल प्रतियोगिताऐं कई राज्यों में आयोजित की जा रही है। अतः छात्रों एवं खिलाड़ियों के हित में मैनेजरों द्वारा चाही गई रू. 1.00 (एक लाख) या उससे अधिक की अग्रिम राशि की स्वीकृति एवं समायोजन हेतु माननीय कुलपति का आदेश मान्य किया जावे। प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक –26 (विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग का प्रस्ताव)**

विभिन्न महाविद्यालयों से अप्राप्त शारीरिक कल्याण शुल्क की वसूली के सम्बंध में।

**विभागीय टीप :–**

प्रत्येक महाविद्यालयों में छात्र – छात्राओं के प्रवेश शुल्क में शारीरिक कल्याण शुल्क प्रति विद्यार्थी रू. 50=00 की दर से विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के लिए जमा किया जाता है। किंतु कई बार सूचित करने के बाद भी संबद्ध कुछ अग्रणी महाविद्यालयों एवं अन्य महाविद्यालयों से विगत कुछ वर्षो से शारीरिक कल्याण शुल्क विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में विश्वविद्यालय को राजस्व की हानि हो रही है। इससे शारीरिक शिक्षा– क्रीड़ा मद में बजट प्रभावित होती है, साथ ही टीमों की सहभागिता से संबंधित अंतर्विश्वविद्यालयीन खेल गतिविधियां प्रभावित हो सकती है। अतः माननीय कार्यपरिषद से ऐसे महाविद्यालयों से शारीरिक कल्याण शुल्क यथाशीघ्र विश्वविद्यालय में जमा करने एवं पत्राचार की सूचना छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित करने हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

शारीरिक कल्याण शुल्क वर्षवार जमा करने हेतु संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र प्रेषित करने हुए छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग को भी अवगत कराया जाये। जिससे अंतर्विश्वविद्यालयीन खेल गतिविधियां प्रभावित ना हो।



2 3 DEC 2021

**विषय क्रमांक –27**

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

श्रीमती गौरी सिंह, भूतपूर्व आई.ए.एस. अधिकारी को मानद उपाधि (Honorary Degree) प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन अधिनियम) 2008 द्वारा स्थापित शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) के तृतीय दीक्षांत समारोह (मार्च 2022 में प्रस्तावित) में विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमती गौरी सिंह, भूतपूर्व आई.ए.एस. अधिकारी, को उनके प्रशासनिक कैरियर, समाज सेवा, बस्तर में आदिवासियों के गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, आजीविका, सिंचाई योजनाओं, देश के नीति विकास, निवेश सुविधा, क्षमता विकास, परियोजना निगरानी एवं कार्यान्वयन, अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं, राष्ट्रीय सौर मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारतीय लघु उद्योग विकास आदि क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में मानद उपाधि प्रदान करना चाहता है। (विस्तृत बायोडाटा संलग्न है)

प्रस्ताव कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

यथा प्रस्तावित सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। मानद उपाधि (Honorary Degree) प्रदान करने के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रचलित परिनियम/विनियम के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जावे।

| | |
|---|---|
| 23/12/21 | 23/12/2021 |
| कुलपति | कुलसचिव |
| शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर | शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर |
| जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.) | जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.) |



2 3 DEC 2021